बारिश | 5 घंटे की बारिश से पूरे शहर में जलभराव की स्थिति, लोगों में आक्रोश

# शहडोल में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त





**शहडोल।** शहडोल जिले में पिछले कुछ दिनों से हो रही बारिश के बीच रविवार की सुबह लगभग 3:30 बजे से झमाझम बारिश का दौर शुरू हुआ जो कि सुबह 9 बजे तक चलता रहा लगभग 5 घंटे की झमाझम बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। नगर का ऐसा कोई भी वार्ड नही था जहाँ से जल भराव की खबरें न आई हों। जगह-जगह पानी भरने से आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं कई इलाकों में पूरे दिन तक स्थिति गंभीर बनी हुई थी। रीवा होटल के नजदीक घरों में 2-3 फिट तक घरों में पानी भर गया था जिससे उनके घरों का सारा सामान भीग गया और राशन आदि को भी काफी नुकसान हुआ।

## गांधी चौक में डूबी कार, आवागमन बाधित

शहर के मुख्य गांधी चौक पर भी जलभराव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। यहाँ एक कार पानी में डूब गई, जिससे आवागमन पूरी तरह अवरुद्ध हो गया और लोगों को आवाजाही में खासी दिक्कतें आईं।

## मुड़ना नदी उफान पर

जिले से गुजरने वाली मुड़ना नदी भी अपने पूरे उफान पर है, जिससे निचले इलाकों में बाढ़ का खतरा मंडरा रहा है। नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से आस-पास के गाँवों में दहशत का माहौल है।

## पोना नाला कॉलोनी और रेलवे स्टेशन का भी बुरा हाल

पोना नाला कॉलोनी में भी घरों में पानी घुसने से लोग हैरान-परेशान हैं। इसके अलावा, रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर पानी भरने से ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन द्वारा राहत और बचाव कार्य जारी है, लेकिन लगातार बारिश और जलभराव के कारण लोगों की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं।

## लोगों की कर रहे मदद

नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) अक्षत बुंदेला ने स्थिति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, प्रकृति के आगे किसी का बस नहीं चलता, फिर भी हम अपनी जी-जान लगाकर लोगों की मदद कर रहे हैं और स्थिति को सामान्य करने का प्रयास कर रहे हैं।

### पोंडा नाले में बहे चार युवक, रेस्क्यू कर बचाया

पोंडा नाले में उफान के चलते एक कार सवार चार युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और बचाव दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में घरों में घुसा पानी, लोगों का फूटा गुस्सा- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थिति बेहद चिंताजनक है, जहाँ कई घरों में पानी भर गया है। इससे लोगों का सामान खराब हो गया है और उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इस स्थिति से आक्रोशित लोगों ने प्रशासन के खिलाफअपना गुस्सा जाहिर किया।





# जिला शिक्षा अधिकारी को कलेक्टर ने जारी किया कारण बताओ नोटिस

**बिना कार्य के भ्रष्टाचार कर आहरित कर ली राशि**

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने विगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल बिल भुगतान के संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी शहडोल फूल सिंह मरपाची को कारण बताओ नोटिस जारी किया है तथा 3 दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के आदेश दिए हैं। जारी आदेश में कहा गया है किविगत कुछ दिनों से सोशल मीडिया में वायरल बिल भुगतान के संबंधी समाचार के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी, (राजस्व) ब्यौहारी, जिला शहडोल (म0प्र0) द्वारा अवगत कराया है कि दिनांक 02.07.2025 को शास हाई स्कूल संकन्दी की जांच मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ब्यौहारी, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी ब्यौहारी के साथ औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्य गुणवत्ताहीन एवं अधूरा पाया गया है। आपके द्वारा कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं किया गया एवं कार्य की पुष्टि किए बिना बिल के भुगतान की स्वीकृति जारी कर दी गई एवं भुगतान भी कर दिया गया है। कार्य का भौतिक निरीक्षण किया बिना बिल की पुष्टि कर भुगतान की स्वीकृति दिया जाना तथा राशि आहरण कर लिया जाना वित्तीय अनियमिता परिलक्षित करता है।

आपका उक्त कृत्य, जिला शिक्षा अधिकारी होने के नाते गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता का घोतक है। जो कि म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत होकर अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

स्पष्ट करें कि क्यों न उक्त कृत्य के लिए आपके विरुद्ध शास्ति अधिरोपण तथा म.प्र. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावे। इस बारे में आप अपना जबाव 03 दिवसों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। जवाब संतोषजनक न होने अथवा नियत समयावधि में प्रस्तुत न किए जाने की स्थित में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

# डॉ . श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मनाई गई जन्म जयंती



**शहडोल।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर संभागीय मुख्यालय शहडोल नगर के कमला नगर स्थित अटल निलय जिला भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट ने जानकारी देते हुए रविवार को बताया है कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जन्मजयंती के अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा के मार्गदर्शन में भाजपा नगर मंडल के अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की छायाचित्र पर उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के साथ पुष्पांजलि अर्पित कर श्रृद्धांजलि दी वही पुष्पांजलि कार्यक्रम के पश्चात डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्मृति एवं जयंती के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यालय परिसर में फलदार पौधों का रोपण भी किया गया।इस अवसर पर उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका बलिदान आजाद भारत का पहला राजनीतिक बलिदान है जो देश के लिए हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा, जिला महामंत्री संतोष लोहानी जिला मीडिया प्रभारी विनय केवट, नगर मंडल अध्यक्ष प्रियम त्रिपाठी, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष आदित्य चपरा, अमित गुप्ता बंटी, अभिषेक चौकसे, नागेंद्र गोले, राकेश कनौजिया, प्रदीप गुप्ता, बृजेंद्र वर्मा, अंकित दुबे, सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्तागण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सामूहिक पौधरोपण कर पार्क के रूप में विकसित करें क्षेत्र

**नवभारत कटनी।** नगरीय क्षेत्र में पर्यावरण को स्वच्छ, सुरक्षित और हरा भरा बनाए रखने के लिए नगर निगम के माध्यम से संचालित हो रहे पौधारोपण अभियान को जनसहभागिता के माध्यम से वृहत स्वरूप प्रदान कर अभियान को प्रभावी बनाने के लिए निगमायुक्त नीलेश दुबे द्वारा प्रेमनगर बस्ती स्थित एएचपी मल्टी के पास रिक्त शासकीय भूमि का निरीक्षण किया गया। इस दौरान निगमायुक्त ने रिक्त शासकीय भूमि के स्थल पर व्यापक पैमाने पर पौधारोपण अभियान चलाकर क्षेत्र को पार्क के रूप में विकसित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने नगर निगम द्वारा कराए जाने वाले पौधारोपण कार्यक्रम की व्यापक कार्ययोजना तैयार की।

# शासकीय उचित मूल्य की दुकान मरतला में उपभोक्ताओं से लूट

**निर्धारित वजन से दिया जा रहा कम खाद्यान**




**ब्योहारी।** जनपद पंचायत ब्योहारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंआ के मरतला गांव मे स्थित शासकीय उचित मुल्य दुकान पर सेल्समैन राजश्री द्वारा उपभोक्ताओं को कम खाद्यान दिये जाने का मामला प्रकाश मे आया है। ग्रामीणों ने कम खाद्यान दिये जाने का वीडियो भी बना कर सोसल मीडिया में वायरल कर सेल्समैन के खिलाफ कार्यवाही किये जाने की मांग की जा रही है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उक्त सेल्स मैन द्वारा 30 किलो मे 2 किलो कम खाद्यान दिया जा कर उपभोक्ताओं से लूट की जा रही है। जिसका वजन ग्रामीणों द्वारा कर दिखाते हुए उसका वीडियो बना कर सोसल मीडिया मे वायरल किया गया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सेल्समैन द्वारा कनिष्ठ अपूर्ति अधिकारी से सांठ गांठ कर उपभोक्ताओं से लूट की जा रही है। कनिष्ठ अपूर्ति अधिकारी द्वारा निरंतर दुकानों की जांच नहीं की जा रही है उनके द्वारा हर माह अपना कमीशन लेकर सेल्स मैन को उपभोक्ताओं से लूट करने की छूट दे रखी है। बताया जा रहा है कि कई शासकीय उचित मूल्य दुकानों मे सेल्स मैन भी नहीं रहते है। खाद्यान वितरण हेतु वो किराये पर रखकर उनसे खाद्यान का वितरण कराया जाता है। ग्रामीणों ने अनुविभागीय अधिकारी ब्योहारी से निष्पक्ष जांच करा कर कार्यवाही की मांग की है। अब देखना यह है कि अनुविभागीय अधिकारी इसे कितनी गंभीरता से लेते है और क्या कार्यवाही करते है।

**इनका कहना है**

जानकारी लगने पर वहाँ जाकर मेरे द्वारा ग्रामीणों से कथन लिया गया है। एक बार एसडीएम साहब से चर्चा कर ले इसके बाद जैसा वो कहेगे तो फिर उसके बाद हम प्रतिवेदन दे देंगे।

**प्रभान्स मौर्य**, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी ब्योहारी

# शासकीय भूमि पर एक बड़े रकवा पर हो गया अतिक्रमण

**न्यायालय के स्थगन आदेश की कर रहे अवहेलना**



**जयसिंहनगर।** मामला ग्राम पंचायत कुदरी तहसील जयसिंहनगर क्षेत्र अन्तर्गत अतिक्रमणकारियों ने बहुत बड़े रकवा में मध्यप्रदेश शासन के जमीन पर कब्जा कर शासकीय भूमि को खुर्द-भुर्द कर रहे हैं इस भूमि से लगी आराजी पर ग्राम पंचायत कुदरी द्वारा स्वच्छता मिशन के तहत कचरा घर निर्मित कराया गया है, मध्यप्रदेश शासन के नाम दर्ज खसरा क्रमांक नंबर 497/1 रकवा 6. 574 हें. है जिसमें अतिक्रमणकारियों पप्पू बसोर पिता छोटानी बसोर,जमुना बंसल पिता छोटानी बसोर, सुरेश बंसल पिता छोटानी बसोर तथा रमेश बसोर पिता गोरेलाल बसोर ये चारों ग्राम कुदरी निवासी हैं। यह चारों अतिक्रमणकारी जबरन शासकीय भूमि में झुग्गी झोपड़ी बनाकर अपना मकड़ जाल फैला रखे हैं।

ग्राम पंचायत सरपंच कुदरी द्वारा तहसील जयसिंहनगर के तहसीलदार के पास लिखे शिकायत करते हुए अनावेदक व अतिक्रमणकारियों को अतिक्रमण करने से रोकने के लिए अपना पक्ष मध्यप्रदेश शासन के सामने रखा तथा हल्का पटवारी को भी सरपंच ग्राम पंचायत कुदरी के सरपंच श्रीमती चंद्रावती सिंह द्वारा मौखिक एवं लिखित शिकायत की गई शिकायत में यह उल्लेख किया गया कि उक्तव्यक्तियों द्वारा झुग्गी झोपड़ी बनाकर एवं जेसीबी मशीन द्वारा खुदाई करवाया जा रहा है। यह तकरीबन एक माह पूर्व में शिकायत की गई थी,लेकिन वर्तमान दिनांक तक इन अतिक्रमणकारियों के खिलाफराजस्व विभाग द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई इसके चलते आजक्रमणकारियों के हौसले और भी ज्यादा बुलंद हो गया है,और अतिक्रमण करने से उक्त व्यक्तियों द्वारा पीछे नहीं हटा गया और ना हिं राजस्व विभाग द्वारा इसको गंभीरता से लिया गया तब जाकर ग्राम पंचायत कुदरी सरपंच ने तहसील न्यायालय में अतिक्रमण को रोकने के लिए पिटीशन दायर कर स्थगन आदेश दिनांक 20 मई 2025 को स्थगन कराया गया। दिनांक 13 अप्रैल 2025 को आवेदन लगाया गया तथा अतिक्रमण रुकवाने के लिए मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 248 एवं अन्य प्रावधानो का उलंघन तथा शासकीय भूमि से तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए एवं रोका जाए इसके बाद भी अतिक्रमण रुकने का नाम नहीं ले रहा जब तक ऐसे अतिक्रमण आए दिन होते रहेंगे तो शासकीय भूमि धीरे-धीरे समाप्त के कगार पर जा पहुंचेगी। वैसे भी अतिक्रमणकारियों एवं भू माफिआओं का हौसला हर जगह बुलंद हैं, तथा तहसील के नाक के ऊपर एसटी थॉमस स्कूल शहडोल रोड के ठीक बगल से भारी तादात में अतिक्रमणकारियों ने अतिक्रमण कर रखा है पुरी की पूरी कॉलोनी ही बस गई है आज दिनांक तक राजस्व प्रशासन कुछ नहीं कर पाया।

## लापरवाही बरतने पर तय करें जवाबदेही, करें कार्रवाई

**नवभारत कटनी।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने जिले के मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास को आपसी समन्वय से योजनाबद्ध स्वरूप में कार्य करने की हिदायत दी है। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाए। पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धता रहे। उन्होंने कहा कि सर्पदंश पीड़ित के उपचार में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने सर्पदंश और एमडीआर व आईएमआर का सुपरवीजन करने के लिए संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लिटोरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने कहा कि यह भी कहा कि सर्पदंश पीड़ित को कम से कम समय में ही पहुंचाने की व्यवस्था हो ताकि उसके जीवन की रक्षा की जा सके।

# मध्यप्रदेश मीडिया संघ इकाई ब्योहारी के गठन की हुई घोषणा

**स्थानीय पत्रकारों ने जताया अभार**



**ब्यौहारी।** मप्र मीडिया संघ भोपाल की ब्यौहारी इकाई का गठन जिला अध्यक्ष सीपी जयसवाल के अनुसंसा एवं संभागीय अध्यक्ष मनीष शुक्ला के अनुमोदन के उपरांत प्रदेशाध्यक्ष जयवंत ठाकरे द्वारा किया गया है। जिसमे विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी में अध्यक्ष पद पर संजय सिंह, उपाध्यक्ष सतीश तिवारी, सचिव रामराज गुप्ता को नियुक्त किया गया है।ज्ञात हो कि ब्यौहारी में श्रमजीवी पत्रकार संघ, एवं स्थानीय स्तर पर गठित विधानसभा क्षेत्र स्तरीय पत्रकार संगठन प्रभाव में रहा किन्तु विधानसभा क्षेत्र स्तरीय पत्रकार संघ का विधिवत् पंजीयन न होने के कारण पत्रकारों को स्थानीय समस्यायों को लेकर अपनी आवाज सत्ता के शीर्ष तक पहुंचाने एवं समस्याओं के निराकरण में उचित पैरवी करने में परेशानी होती थी इस तरह की परेशानियों को ध्यान में रखते हुए उक्त संघ के अधिकांश पत्रकार म प्र मीडिया संघ भोपाल की सदस्यता ग्रहण कर उक्त संघ में सम्मिलित हो गये और मीडिया संघ भोपाल के द्वारा विधानसभा क्षेत्र ब्यौहारी में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।जिसमें वरिष्ठ पत्रकार विजय कुमार गुप्ता को संभागीय सदस्य, शेख रब्बानी एवं नीलेश सोनी को जिला कार्यकारिणी का सदस्य मनोनीत किया गया है।विधानसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यकारिणी में अध्यक्ष संजय सिंह उपाध्यक्ष सतीश तिवारी सचिव रामराज गुप्ता को नियुक्त किया गया है सदस्य के रूप में शत्रुघ्न चतुर्वेदी, सतीश नामदेव, सुरेन्द्र नामदेव, बिष्णु दास बैस, जितेन्द्र लखेरा, शिवकुमार गुप्ता को मनोनीत किया गया है। मीडिया संघ भोपाल के द्वारा ब्यौहारी की कार्यकारिणी घोषित किए जाने पर स्थानीय पत्रकार साथियों ने आभार व्यक्त किया है।

# दी जा रही नि :शुल्क थर्मल मसाज थेरेपी




**शहडोल।** नगर में संचालित श्री गणेश हेल्थ केयर सेन्टर द्वारा संचालित सेराजेम संस्थान के 06 जुलाई 2025 को सफ्लतम तीन वर्ष पूर्ण होने पर सुन्दर काण्ड का पाठ किया गया साथ ही भण्डारे प्रसाद का वितरण भी किया गया। सेराजेम हेल्थ सेन्टर का तीन वर्ष पूर्व शुभारंभ किया गया था। सेराजेम सेन्टर के संचालक डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि सेराजेम एक दक्षिण कोरियाई कंपनी है जो एक्सपेरिएंस मार्केटिंग के माध्यम से दुनिया में 26 वर्षों से और भरत में 19 वर्षों से काम कर हरी है। डॉ. आशीष मिश्रा ने बताया कि शहडोल में अब तक लगभग 150-200 लोगों प्रतिदिन सेन्टर में आकर थर्मल मसाजर की नि:शुल्क थैरेपी का लाभ ले रहे हैं और अपनी शारीरिक समस्याओं से निजात पा रहे हैं। संचालक डॉ. अशीष मिश्रा एवं उनकी टीम सोनी कुशवाहा, गीतांजली सोनी, प्रियंका सोनी, अंकिता सोनी द्वारा सेन्टर में आए हुए प्रत्येक व्यक्ति का घरेलू माहौल में नि:शुल्क थेरेपी का लाभ दिलाया जा रहा है। इस अवसर पर संजीव गुप्ता, प्रकाश जायसवाल, सुनील मिश्रा, अजय शर्मा, महेन्द्र मोटवानी (गुड्डु) एवं दुर्गा प्रसाद मिश्रा, सुशीला मिश्रा, खुशबू मिश्रा, शुभम मिश्रा,नेहा मिश्रा, नागेन्द्र श्रीवास्तव, धन्नूलाल वर्मन आदि उपस्थित थे।

लंगर वितरित | अकीदत के साथ मना मातमी पर्व मोहर्रम

# हज़रत इमाम हुसैन की याद में निकले ताज़िये



**शहडोल।** हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की शहादत की याद में शहडोल में मातमी जुलूस और ताज़ियों का सिलसिला जारी है। इमाम हुसैन और उनके साथियों की कर्बला में दी गई कुर्बानियों को याद करते हुए, इटवारी मोहल्ला, सोहागपुर और घुराला मोहल्ला से बने ताज़िये परमट में एक साथ जमा हुए, जहाँ से यह जुलूस पुरानी बस्ती स्थित कर्बला की ओर बढ़ा।

ताज़ियों के इस जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत की। हज़रत इमाम हुसैन की याद में निकाली गई यह यात्रा मातम और सब्र का प्रतीक थी। जगह-जगह लंगर का भी इंतजाम किया गया था, जहाँ से लोगों को भोजन और शरबत वितरित किया गया। यह लंगर इमाम हुसैन के प्रति लोगों की श्रृद्धा और इंसानियत के पैगाम को दर्शाता है।

**कर्बला में शांत हुए ताज़िये-** पुराने ज़माने से चली आ रही परंपरा के अनुसार, सभी ताज़िये पुरानी बस्ती स्थित कर्बला में जाकर शांत हुए। इस दौरान अकीदतमंदों ने इमाम हुसैन की शहादत को याद करते हुए मजलिसें कीं और नौहाख्वानी व सीनाजनी की। इस मौके पर शहर में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे ताकि शांति और सद्भाव के साथ यह मातमी कार्यक्रम संपन्न हो सके।